प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

22.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री–सिविल सेवक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवकों से एक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य के साथ अपने हर प्रयास को समायोजित करने का आह्वान किया है। देश के सिविल सेवकों को लिखे पत्र में नरेन्द्र मोदी ने निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा। हाल ही में संपन्न कर्मयोगी साधना सप्ताह में सिविल सेवकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सीखने के इस सप्ताहभर के उत्सव में देश भर के सिविल सेवकों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं अनुभव किया है कि निरंतर सीखने की प्रतिबद्धता सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि दुनिया ऐसे युग में जी रही है जहां खुद को अद्यतन और कुशल बनाए रखना अब वैकल्पिक नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में परिवर्तन की गति और भी बढ़ेगी और निरंतर सीखने के लिए प्रतिबद्धता ही सबसे आगे रहने का एकमात्र तरीका है।

....

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिंकदर कुमार को केन्द्र सरकार ने विदेश मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। सिकंदर कुमार के पास लंबा प्रशासनिक व अकादमिक अनुभव है और वे प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में कुलपति के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सिकंदर कुमार ने इस जिम्मेदारी के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा की गरिमा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

....

प्रधानमंत्री– पहलगाम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा और आतंकवादियों के घिनौने मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे। पिछले साल इसी दिन हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को कभी नहीं भुलाया जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत शोक और दृढ़ संकल्प में एकजुट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस क्षति से उबरने में मदद कर रहे शोक संतप्त परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदना है। अधिक ब्यौरा इस रिपोर्ट में––

....

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद राहुल गांधी 30 अप्रैल को कांगड़ा में चल रहे कांग्रेस पार्टी अधिवेशन में भाग लेंगे। उन्होंने आज धर्मशाला में कहा कि इस 10 दिवसीय अधिवेशन में तीन राज्यों हिमाचल, जम्मू–कश्मीर और पंजाब के जिला पार्टी अध्यक्ष

भाग ले रहे हैं। विनय कुमार ने बताया कि इस अधिवेशन का उद्देश्य पार्टी के साथ नए जुड़े कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा से अवगत कराना और संगठन को मजबूती प्रदान करना है। ये अधिवेशन 21 अप्रैल से शुरू हुआ जो 30 अप्रैल तक चलेगा।

…………………………………………………………

पृथ्वी दिवस

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्रि यादव ने नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल कार्य करने के लिए प्रोत्सारहित किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि व्यक्तिगत रूचियां पृथ्वी के भविष्य् को आकार देने में महत्ववपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सोशल मीडिया पोस्टव में भूपेन्द्र यादव ने लोगों से अपील की कि वे सार्थक आदतें अपनाएं, प्रकृति का सम्मान करें और ऐसी जीवनशैली अपनाएं जो पृथ्वी को पोषित करें।

…………………………………………………………